हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 जून 2024

तापमान
अधिकतम 38 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

10 साढ़े छह करोड़ रुपये से पक्की हो रही पटरियों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल



10 नशा तस्करों की गुप्त सूचनाएं पुलिस को दें



## खबर संक्षेप

### पिता ने बहु व रिश्तेदारों के साथ दो बेटों का पीटा

**जींद।** गांव सुंदरपुर में पिता ने पुत्रवधु तथा रिश्तेदारों के साथ मिल कर अपने दो बेटों पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर उसके पिता, पत्नी समेत तीन लोगों को नामजद कर चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मकान से 35 हजार रुपये की नकदी चोरी

**कैथल।** गांव पहाड़पुर में चोर एक मकान से 35 हजार रुपये नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी बीरू राम ने सीवन थाना में शिकायत दी कि 17 जून को अज्ञात आरोपी उनके घर से 35 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उन्होंने अपने स्तर पर पता लगाने का प्रयास किया लेकिन चोरों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।

### सात किसानों के ट्यूबवैलों से कीमती केबल चोरी

**जींद।** गांव कंडेला खेतों से बीती रात चोरों ने सात किसानों के ट्यूबवैलों से कीमती केबलों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव कंडेला निवासी सतपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत में टयूबवैल से कीमती केबल को चोरी कर लिया।

### बिजली मोटर चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** खाली पड़े सैलर के कमरे में रखी बिजली मोटर चोरी करने के मामले की जांच थाना पुंडरी पुलिस के एएसआई राकेश कुमार की टीम द्वारा करते हुए पुंडरी निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुंडरी निवासी कृष्ण कि शिकायत अनुसार 19 जनवरी की रात को अज्ञात चोर उसके सैलर में बने कमरे का ताला तोड़कर 3 फेज की बिजली मोटर चोरी कर ले गए।

### ब्लैकमेल कर महिला का यौन शोषण, मामला दर्ज

**जींद।** शहर थाना इलाके में महिला के साथ दुष्कर्म कर ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने पर महिला थाना पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ यौन शोषण समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन साल पहले पड़ोसी राहुल ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया था।

### किशोरी का अपहरण अज्ञात के खिलाफ केस

**कैथल।** गुहला थाना के तहत आने वाले एक गांव से अज्ञात आरोपी ने 16 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि 19 जून को शाम के समय अज्ञात आरोपी उसकी 16 वर्षीय बेटी का अपहरण कर ले गया। जांच अधिकारी सत्यवान ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हरिद्वार के लिए निकला व्यक्ति लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव शाहपुर से हरिद्वार के निकले व्यक्ति के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहपुर निवासी जीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा कृष्ण 14 जून को गांव के कुछ लोगों के साथ क्रूजर जीप में हरिद्वार गया था।

### कातिलाना हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** कस्सी से वार करके जान से मारने की नियत से हमला करने के मामले की जांच चौकी किठाना पुलिस के एएसआई दलबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए मामले में नामजद आरोपी किठाना निवासी बलवंत को गिरफ्तार कर लिया गया।

## सीएम फ्लाइंग ने राजस्व विभाग का औचक निरीक्षण किया तो फूटा भंडा

# बाढ़ से निपटने वाले जीवनरक्षक उपकरणों का निकला दम, 11 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

### कार्यालय खुलने के एक घंटा बाद से निरीक्षण शाम तक रहा जारी, हाजरी कालम खाली मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मानसून सीजन सिर पर है। करोडों रुपये बाढ़ प्रबंधन पर खर्च किए जा रहे हैं। राजस्व विभाग की धरातल पर तैयारियां शून्य हैं। अगर बाढ़ जिले में आ जाए तो सब कुछ रामभरोसे है। कागजों में जीवनरक्षक उपकरणो की संख्या पूरी है। धरातल पर उन जीवनरक्षक उपकरणों को खुद की जीवन की दरकार है। शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग ने जिला राजस्व विभाग का औचक निरीक्षण किया तो बाढ़ शाखा का बाढ़ के दौरान हालातों से निपटने की तैयारियों का भंडा फूटा। 46 स्टाफ वाले राजस्व विभाग कार्यालय से 11 कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जिनके हाजरी कालम खाली मिले। अन्य खामियों भी आंकलन मे मिली। जिनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेजी गई है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि राजस्व विभाग की विभिन्न शाखाओं में कर्मी सीटों पर नही मिलते। कार्य भी समय पर नही हो रहे हैं। जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने राजस्व विभाग में दस्तक दी। टीम में सीएम फ्लाइंग के सब इंसपैक्टर पवन कुमार, बिजेंद्र सिंह, एएसआई कर्मबीर, सिपाही विक्रम समेत अन्य स्टाफ शामिल हुआ। टीम में राजस्व विभाग की अधीक्षक मधुबाला शामिल किया गया। टीम ने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में दस्तक देकर हाजिरी रजिस्टरों को कब्जे में ले लिया। जिसमें 38 रेग्यूलर कर्मियों में से सात कर्मी गैर हाजिर मिलं, जबकि आठ अस्थायी कर्मियों में से चार कर्मी गैर हाजिर मिले। कर्मियों हाजिरी कॉलम खाली पाए गए। जिसके बाद टीम ने जन सुविधाओं से संबंधित शाखाओं के रिकार्ड को खंगाला। एचआरसी ब्रांच में 3602 शिकायतें मिली। जिसमें 3590 शिकायतों का समाधान किया पाया गया। 12 शिकायतें ओवर डेट पाई गई। नकल शाखा में 1377 आवेदन मिले, 1325 का निपटान मिला तो 52 लंबित मिले। फसल खराबा वर्ष 2021 मुआवजा राशि का 74 प्रतिशत वितरण पाया गया। बकाया 26 प्रतिशत मुआवजा राशि को सरकार को वापस भेजना पाया गया। सीएम फ्लाइंग की सुबह शुरू हुई कार्रवाई शाम तक जारी रही। जिसमें विभाग की विभिन्न शाखाओं के रिकार्ड का अवलोकन किया जा रहा था। बाढ़ के दौरान जीवनरक्षक उपकरणों का खुद निकला हुआ दमः मानसून सीजन के दौरान बाढ़ का खतरा भी बना रहता है। आपात हालातों के जीवनरक्षक उपकरण तैयार रखे जाते हैं। जिले में 57 लाइफ जैकेट हैं। जो जर्जर हालात में हैं। जिले में 15 किश्तियां हैं। सभी को रिपेयरिंग की जरूरत है। उनके साथ 29 चप्पू हैं, जो टूटे हुए हैं। जिन्हें प्रयोग में नही लाया जा सकता।



जींद। जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम के सदस्य।



फोटो :हरिभूमि



जींद। खुले में रखा गया रिकार्ड। फोटो :हरिभूमि

#### रिपोर्ट मुख्यालय भेजी

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग का औचक निरीक्षण किया था। 11 कर्मी गैर हाजिर पाए गए हैं। कुछ अन्य खामियां पाई गई हैं। जिनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार मुख्यालय को भेज दी है। आगामी कार्रवाई संबंधित विभाग द्धारा अमल मे लाई जाएगी।

#### बरामदे में रखा मिला रिकार्ड

सीएम फ्लाइंग ने राजस्व विभाग में आए लोगों से उनकी समस्या भी सुनी और देरी का कारण भी जाना। विभाग में अव्यवस्था का आलम भी देखने को मिला। कुछ रिकार्ड बरामदे में गठरियों में बंधा पड़ा दिखाई दिया। अलग-अलग स्थानों पर रिकार्ड होने के कारण विभाग के कर्मियों द्वारा लोगों को परेशान करने की बात भी सामने आई। सीएम फ्लाइंग ने मिली खामियों की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी।

### आईटीआई में पंजीकरण की तिथि 25 तक बढ़ी



**कैथल।** कौशल विकास औद्योगिक प्रशिक्षण हरियाणा निदेशालय की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरियाणा में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि 25 जून तक बढ़ा दी है। जिन विद्यार्थियों ने अब तक आवेदन नहीं किया है वह अब 25 जून तक आईटीआई में दाखिले के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। इसके बाद किसी भी विद्यार्थी का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अब तक प्रदेश की सभी आईटीआई में 72075 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है तो वहीं कैथल आईटीआई की 1200 सीटों के लिए 10165 आवेदन पहुंचे हैं। बता दें कि इससे पूर्व विभाग द्वारा 7 से 21 जून तक आनलाइन आवेदन करने की तिथि निर्धारित की थी। निर्धारित तिथि तक प्रदेश की आईटीआई में जारी सीटों से कम आवेदन पहुंचने के कारण निदेशालय द्वारा पंजीकरण की तिथि में इजाफा किया गया है। आईटीआई में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होते ही 28 जून को प्रथम मेरिट सूची 28 जून को लगेगी। जिसकी फिजिकल वेरिफिकेशन 02 जुलाई तक होगी। प्रथम सूची में आने वाले विद्यार्थियों की वेरिफिकेशन होने के बाद 03 जुलाई तक विद्यार्थी फीस जमा कर सकते हैं। इसके बाद चार जुलाई को खाली सीटों का ब्योरा प्रस्तुत किया जाएगा। 04 से 06 जुलाई तक अभ्यर्थियों द्वारा विकल्प प्राथमिकताओं में संशोधन के लिए पोर्टल खोला जाएगा। दूसरी मेरिट सूची 09 जुलाई को जारी की जाएगी। जिसका 9 से 12 जुलाई तक फिजिकल वेरिफिकेशन जारी रहेगा।

## पति की गिरफ्तारी के लिए दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका शहर की बेगा बस्ती में रहने वाली महिला रमनदीप कौर ने चीका थाने के बाहर धरना दे दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उसने बताया कि उसके पति ने उसके बेटे का अपहरण कर लिया, जिसकी एफआईआर.भी दर्ज करवा थी परंतु थाने के चक्कर लगा-लगा कर थक चुकी है परंतु पुलिस ना तो उसके पति को गिरफ्तार ही कर सकी है और ना ही बेटे का कोई सुराग लगा पाई है। रमनदीप कौर ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई से आहत होकर उसने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। परंतु अब चीका थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने उसे विश्वास दिलवाया है कि पुलिस उसके पति को जल्द ही गिरफ्तार कर उसके बेटे को उसे दिलवाएगी। रमनदीप ने बताया कि पुलिस ने उससे कुछ समय मांगा है, जिसे उसने दे भी दिया है परंतु यदि इस बीच पुलिस ने कोई कार्रवाई ना की तो वह एक बार अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। जब उक्त महिला धरने पर बैठी थी तो भाकियू के एक स्थानीय नेता हरदीप सिंह ने उसका समर्थन किया और मांग को जायज मानते पुलिस अधिकारियों से मांग की कि उसके पति को गिरफ्तार किया जाए और उसे उसके बेटे को वापस दिलवाया जाए। हरदीप ने कहा कि यदि पुलिस अपने वायदे के मुताबिक कार्रवाई नहीं करती तो फिर एक सप्ताह बाद महिला के साथ वे भी धरने पर बैठेंगे।

#### कार्रवाई जारी

चीका थाना के प्रभारी बलबीर सिंह ने बताया कि पुलिस कार्रवाई कर रही है और आरोपी के मोबाइल को ट्रैक किया जा रहा है ताकि उसकी लोकेशन मिल सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करके उक्त महिला को उसका पुत्र वापस दिलवाया जाएगा।



थाने के बाहर धरने पर बैठी महिला

## चार कालोनियों में दुकानों को ढहाया

- डीपीसी व सड़क नेटवर्क को जेसीबी मशीन के साथ तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों रोड पर निर्जन से पहले जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा शुक्रवार को अवैध रूप से विकसित की जा रही चार कालोनियों में दुकानों को ढहाया गया। इस दौरान चार दुकानें, 38 डीपीसी व सड़क नेटवर्क तोड़ा गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में डीटीपी मनीष दहिया, जेई जसबीर सिंह और कानून व्यवस्था के लिए 150 से 'यादा पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। योजनाकार विभाग के पास शिकायत आई थी कि सफीदों रोड पर कालोनाइजरों द्वारा अवैध रूप से कालोनियों विकसित की जा रही हैं। इनमें सड़कें बनाई जा रही हैं तो वहीं दुकानों के लिए नींव भर कर ढांचा खड़ा कर दिया गया है। इस पर विभाग ने कालोनाइजरों को नोटिस जारी किया गया। नोटिस जारी करने के बावजूद भी निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो शुक्रवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीटीपी मनीष दहिया, जेई जसबीर सिंह, गौरव बंसल विभागीय अमले के साथ साइट पर पहुंचे। कानून व्यवस्था के लिए डीसी के निर्देशानुसार 150 से 'यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। तीन जेसीबी की सहायता से तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की गई। शुरूआत में बाईपास से आगे ही कालोनी में चार ढांचें तोड़े गए। इसके बाद सीमेंट ब्लाक से बनाया सड़क नेटवर्क तोड़ा और चारदीवारी तोड़ी। कालोनी में पांच से छह डीपीसी भी तोड़ी गई। इसके बाद विभागीय अमला निर्जन रोड पर इससे आगे ही अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी में पहुंचा। सात से आठ डीपीसी, सड़क नेटवर्क और चाहरदीवारी जेसीबी की सहायता से तोड़ी गई।



जींद। कार्रवाई करते डीटीपी अमला।

#### विभाग से पहले पूरी जानकारी लें

जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने लोगों से अपील की कि कहीं भी जमीन की खरीद-फरोख्त करने से पहले विभाग में आकर पता कर लें कि जहां पर वह जमीन खरीद रहे हैं, वह कालोनी नियमित है या नहीं। आगामी 26 जून और 28 जून को भी जींद, नरवाना, उचाना व सफीदों में अभियान चलाते हुए अवैध कालोनियों को ढहाया जाएगा। जिले में अवैध रूप से कालोनी विकसित नहीं होने दी जाएगी। अगर कालोनाइजर को कालोनी बनानी है तो इसके लिए पहले विभागीय शर्तें पूरी करनी पड़ेंगी।

## मांगों को लेकर नप कर्मियों ने जताया रोष

- नगर पालिका कर्मचारी संघ करेगा सुभाष सुधा के अवास का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने राज्य कमेटी के आह्वान पर अपनी लंबित मांगो को लेकर जिला स्तरिय जोरदार प्रदर्शन करके हुए डीडीपीओ के माध्यम से शहरी स्थानीय निकाय मंत्री व मुख्य मन्त्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने व संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया।आज के प्रदर्शन मे कैथल,चीका,पूंडरी,सीवन, राजौंद व कलयात के कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रदर्शन मे शमिल कर्मचारिओ को सम्बोधित करते हुए संगठन के मुख्य संगठनकर्ता शिवचरण, राज्य उपप्रधान राजेंद्र सिनंद, केन्द्रीय कमेटी सदस्य जयप्रकाश,सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा,उपप्रधान छज्जू राम नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टॉंक, जिला सचिव विक्की टॉक ने कहा कि संगठन द्वारा 19 से 29 अक्टूबर 2022 में 11 दिनों तक की गई सफल हड़ताल के दवाब मे शहरी स्थानीय निकाय विभाग की तरफ से 3-4 लैटर जारी किये थे और बाकी मांगे ज्यों की त्यों लंबित हैं। जिससे कर्मचारिओ मे भारी रोष है। उन्होंने कहा कि यदि 23 जून को को बातचीत द्वारा सभी मांगों का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की रहेगी। इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी संघ से पुर्व प्रधान महेन्द्र बिड़लान,सुरेश कुमार नोच,कपिल कल्याण, देशराज, संदीप कुमार,बंटी, कृष्ण कुमार, सन्तोष रानी, राजकुमार, धर्मपाल, बिमला, प्रिथी सिंह, चिन्तो रानी, तलविंदर, वर्षा,सुरेन्द्र कुमार, अमित कुमार, रामदेव, अनमोल, सोनू व फायर से शमशेर सिंह, सुल्तान सिंह, विजय समेत संकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।



कैथल। डीडीपीओ को ज्ञापन सौपते नप कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



जींद। विवि में जिला स्तरीय कार्यक्रम में योग करते विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा। *संबंधित खबर पेज नं .12 पर पढ़ें।*

### कमल पड़ सकता है हाथ पर भारी, विस चुनावों में देखने को मिलेगा लोकसभा का असर

# कांग्रेस की राह मुश्किल करेंगे सुरभि के विकास कार्य

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

दो वर्ष पूर्व रणदीप सिंह सुरजवोला के राजस्थान से राज्यसभा सांसद बनने के बाद उनकी गतिविधियां दिल्ली में बढ़ने के कारण वे कैथल को कम समय दे पाते थे। इसका खामियाजा हाल में संपन्न हुआ लोकसभा चुनाव में उन्हें तथा पार्टी को देखने में आया है। कुरूक्षेत्र से भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल कैथल विस क्षेत्र से 75441 जबकि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता को 58222 मत मिले। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी से 17519 की जीत बनाने में कामयाब रहे। इनेलो प्रत्याशी को 8755 ,बसपा 3740 तथा जजपा 952 तक सिमटकर रह गई। देखने वाली बात यह भी है कि कैथल विधानसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के प्रचार प्रसार का पूर्ण कार्यभार रणदीप सिंह सुरजेवाला के सिर पर था, यही कारण है कि सुशील गुप्ता कैथल विधानसभा क्षेत्र में बहुत कम प्रचार प्रसार किया। इसके बावजूद सुरजेवाला सुशील गुप्ता को जीत नहीं दिला सके।इस खामियाजा कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता रणदीप सुरजेवाला को आने वाले विधानसभा चुनावों में भी भुगतना पड़ सकता है। अब देखने वाली बात यह भी है कि यदि वे राज्यसभा छोड़ते हैं या फिर अपने बेटे को कैथल से विधानसभा का चुनाव लडवाएंगे या खुद दंगल में उतरेंगे, यह बात भविष्य के गर्भ में है। वीरवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कैथल में कर्यकर्ताओं की नब्ज टटोली। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले पहले कैथल में करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए जाएंगे और हजारों को नौकरियां दी जाएगी जिसमें कैथल का विशेष कोटा रहेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में आपने देखा ही लिया होगा कि कैथल विधानसभा में कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया है। कैथल से और आने वाले विधानसभा चुनाव में भी कैथल से बीजेपी कमल खिलाने का काम करेगी।

#### रिकार्ड विकास कार्य करवाए

चेयरपर्सन बनने के बाद उन्होंने कैथल में जिस गति से रिकार्ड विकास कार्य करवाए उससे कैथल की जनता सुरजेवाला के कामों को भूलकर सुरभि को याद करने लगी है। हलके की जनता सुरभि गर्ग को भावी विधायक के रूप में देखने लगी है। उनके कुशल राजनीतिक सूझबूझ, कार्य के प्रति समर्पण, ईमानदारी और पार्षदों और जनता के साथ प्यार प्रेम के कारण उन्होंने बहुत कम समय में अपनी विशेष पहचान बना ली है। सुरभि को राजनीति विरासत में मिली है क्योंकि उनका दादा मांगे राम जहां मंत्री रहे तो वहीं उनके प्रतिनिधि सुरेश गर्ग नौच भी लंबा राजनीतिक अनुभव रखते हैं।

#### सुरभि 5174 मतों से विजयी रही थी



अब देखने वाली बात यह है कि कैथल से मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताने वालों में नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग हैं। इन्होंने नपा चुनाव में कैथल में कमल खिलाने का काम किया है। सुरभि गर्ग केवल मात्र शहर से 29370 मत लेने में कामयाब रही जबकि कांग्रेस के आदर्श थरेजा को शहर से 24196 मत मिले थे। ऐसे में सुरभि गर्ग 5174 मतों से विजयी रही थी।

### जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के मेन गेट को लोगों ने किया बंद

**नरवाना।** आज धर्म सिंह कॉलोनी एसुभाष नगर की काफी महिलाएं व पुरुष बच्चों समेत जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय पहुंचे। उनकी शिकायत है कि पिछले तीन माह से पानी की सप्लाई बिल्कुल कम आ रही है और जो पानी आ रहा है सिवरेज का गंदा पानी आ रहा है।विभाग द्वारा वार्ड में नई लाइन तो डाल दी गई लेकिन उनका कनेक्शन आज तक सप्लाई से नहीं किया। जिससे कि पानी 15 से 20 मिनट तक ही आता है जो सप्लाई आती है वह बिल्कुल गंदे पानी की आती है। उस समय जे ई एसडीओ और एक्शन कोई भी अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं था गेट बंद होने के 1 घंटे बाद जे ई कार्यालय पहुंचे। लोगों ने भारी विरोध किया और विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद जे ई व सुपरवाइजर को लोग मौके पर ले गए। जहां पर मीडिया की मौजूदगी में पाया गया की सप्लाई बिल्कुल गंदे पानी की आई। वहां पर भारी विरोध के बाद 2 दिन के अंदर अंदर सप्लाई दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### खेल महाकुंभ के लिए ट्रायल कल

**जींद ।** जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि सरकार द्वारा रा'य स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन (पुरूष व महिला) ओपन कैटेगरी में 24 खेलों में करवाने का निर्णय लिया गया है। रा'य स्तरीय क्रिकेट खेल महाकुंभ में भाग लेने के लिए 23 जून को जाट सीनीयर सैकेंडरी स्कूल में सुबह नौ बजे लड़के व लड़कियों की ट्रायल लेकर रा'यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### दो बच्चों के साथ महिला लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव कालवा से दो बच्चों के साथ महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव कालवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह मजदूरी करने गया हुआ था। शाम को जब वह घर लौटा तो उसकी पत्नी तथा दोनों बच्चे गायब मिले।

### अश्लील हरकत करने पर फाइनेंसर पर मामला दर्ज

**जींद।** शहर थाना इलाके में फाइनेंसर द्वारा महिला के साथ अश ` का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर फाइनेंसर के खिलाफ अश हरकत करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लायंस क्लब ने लगाया शुगर जांच शिविर

**जींद ।** लायंस क्लब जींद सिटी द्वारा योग दिवस के मौके पर मुफ्त शुगर जांच शिविर लगाया गया। क्लब के संस्थापक सुरेश जिंदल और अध्यक्ष लायन मनीष सिंगल ने बताया कि योग हमारे जीवन में बहुत 'यादा महत्व रखता है। इस दिवस पर क्लब द्वारा जांच शिविर लगाया। जिसमें 120 लोगों की शुगर जांच की गई। इस दौरान गौरव बंसल, सुनील गर्ग, जयभगवान सिंगला, दिनेश गर्ग, दीपक, राजीव, सत्यवर्त, नवीन, महेश जिंदल उपस्थित रहे।

### योगा कक्षाएं चला रही योग प्रशिक्षिका मीना बंसल

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में योग प्रशिक्षिका मीना बंसल पिछले 27 वर्षो्र से मुफ्त योग कक्षाएं चला रही हैं। इन कक्षाओं में महिलाओं से संबंधित जितने भी योग हैं, उन्हें बताया जा रहा है। मीना बंसल बताती हैं कि योग करने से उन्हें खुद का तो शारीरिक लाभ मिल ही रहा है, साथ ही दूसरी महिलाओं को योग कर स्वस्थ देख संतुष्टि अनुभव होती है।

### समिति ने लगाई मीठे पानी की छबील

**जींद ।** संतमत धारा सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों राहगीरों व वाहन चालकों ने मीठा पानी पिया। संस्था के प्रधान प्रचारक सूर्यदास के नेतृत्व में संतमत धारा सेवा समिति द्वारा मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया तथा सभी को यह भी बताया गया कि यह छबील का आयोजन तीन दिन तक चलेगा।

### आप का उचाना से बनेगा विधायक : राजरूप

**उचाना।** उचाना हलके में आम आदमी पार्टी निरंतर सक्रियता बढ़ा रही है। व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, हिसार लोकसभा उपाध्यक्ष राजरूप छात्तर सहित अन्य आप के नेता निरंतर हलके में सक्रियता बढ़ा रहे है। विस चुनाव को लेकर सभी दल तैयारी में जुट गए है। आप सभी 90 हलकों में चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद आप नेताओं ने भी हलके में सक्रिय हो गए है।

### समय नहीं देने से रिश्ते हो रहे कमजोर

**उचाना।** तेरापंथ भवन उचाना मंडी में विराजमान साध्वी तिलकश्री ठाणे-3 ने धर्मसभा में कहा कि आज रिश्ते निरंतर कमजोर हो रहे है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि हम अपने परिवार को समय नहीं दे पा रहे है। आने वाले समय में रिश्तों को बचाने के लिए वक्तदान अपनों के लिए सबसे कीमती दान होगा।

## लोगों ने जताया रोष, जांच की मांग उठाई

# साढ़े छह करोड़ रुपये से पक्की हो रही पटरियों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल

### घटिया क्वालिटी की पीली खोरा ईंटे व मसाले में रेत ही रेत लगाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

शहर के बीचो-बीच से गुजर रही हांसी ब्रांच नहर के दोनों तरफ करीब 6.50 करोड रुपये की लागत से बन रही दोनों पटरियों के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग होने का मामला सामने है। इस संबंध में सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह मामला सामने आने के बाद नगर पालिका सचिव रविंद्र कुमार ने टेंडर एजेंसी को नोटिस जारी करने की बात कही है। नहर की दोनों पटरियों के निर्माण में घटिया क्वालिटी की पीली खोरा ईंटे व मसाले में रेत ही रेत लगाने को लेकर लोगों में रोष है और निमार्ण कार्य की जांच की मांग की है। पटरी निर्माण कार्य को देखने के लिए नगर पालिका के संबंधित अधिकारी मौके का निरीक्षण तो कर चुके हैं लेकिन फिलहाल टेंडर एजेंसी के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

शहरवासियों के आरोप है कि निर्माण में पिल्ली ईंटों व नाममात्र के सिमेंट का प्रयोग हो रहा है। ईंटों की चिनाई यूं समझों कि रेत में की जा रही है तो भी कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इसके लिए कोई नींव नहीं खोदी गई है और सही से बैड भी नहीं बिछाया गया है। टेंडर एजेंसी से क्वालिटी जांचने वाली कमेटी भी कथित तौर पर कमीशन लेकर के चुपचाप बैठ जाती है। शहर वासियों की मांग है कि सफीदों के नहर की दोनों तरफ बन रही पटरियों का निर्माण कार्य अच्छे से करवाया जाए, ताकि कोई भी नहर में दुर्घटना का शिकार नहीं हो। क्योंकि नहर की दूसरी तरफ डीच ड्रेन लगती है।



सफीदों। निर्माण करते मिस्त्री व मजदूर। फोटो :हरिभूमि



सफीदों। निर्माण में प्रयोग की जारी रही हल्के स्तर की ईंटे। फोटो :हरिभूमि

### नहर पटरियों के निर्माण कार्य की जांच करवाई जाएगी : रविंद्र कुमार

नगर पालिका सचिव रविंद्र कुमार कहना है कि नहर पटरियों के निर्माण कार्य की जांच करवाई जाएगी। अगर निर्माण कार्य नियमों के तहत नहीं पाया गया तो टेंडरिंग एजेंसी को नोटिस जारी करके कार्रवाई की जाएगी।

### कोई भी निर्माण कार्य सही से नहीं हुआ

ऐसे में अगर पीली ईटों से इनकी बाउंड्री बनवाए जा रही है तो वह तत्काल टूट जाएगी। जिस कारण कोई भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। लोगों का कहना है कि सफीदों में विकास को लेकर पहले भी 37 करोड़ रूपए की ग्रांटे आईं लेकिन कोई भी निर्माण कार्य सही से नहीं हुआ और ग्रांट राशी की खुलकर बंदरबांट हुई। उस मामले की भी फिलहाल जांच अत्यंत धीमी गति से जारी है। लोगों का कहना है कि अगर इस निर्माण की अभी शुरूआत में ही जांच नहीं हुई तो इसे घटिया सामग्री के साथ पूरा करके महकमे से पेमेंट हथिया ली जाएगी और उसके बाद लकीर पीटने के सिवाए कुछ भी नहीं रहेगा। लोगों ने सरकार व प्रशासन से मांग की कि इस अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना की गहराई से जांच करवाई जाए और पूरे नियमों व निगरानी के साथ इस दोनों पटरियों के पक्का करवाने का कार्य करवाया जाए ताकि लोग लंबे समय तब इसका लाभ उठा सके। लोगों का कहना है कि इस दोनों पटरियों को पक्का करवाने की पुरानी मांग थी और ये दोनों पटरियां सफीदों नगर के लिए मिनी बाईपास का काम करेंगी। बता दे कि सफीदों के बाईपास-रामपुरा नहर पुल से लेकर पानीपत रोड नहर पुल तक दोनों पटरिया को पक्का करने का काम नगर पालिका द्वारा करवाया जा रहा है। जिसके लिए 6.50 करोड रुपए की ग्रांट राशि आई हुई है।



नरवाना। समाधान शिविर के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम।

# एसडीएम ने सफाई व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

- शहर वासियों को गंदगी या कचरे की वजह से बरसाती सीजन में प्रदूषित वातावरण के कारण होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

एसडीएम अनिल कुमार दून ने ईओ नगर परिषद को निर्देश दिए हैं कि वह निकट बरसाती सीजन के मध्येनजर शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखना सुनिश्चित करें ताकि शहर वासियों को गंदगी या कचरे की वजह से बरसाती सीजन में प्रदूषित वातावरण के कारण होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके।? उन्होंने कहा कि कैनाल रोड की सफाई निरंतर रखें ताकिबरसाती करएसडीओ सीजन में कचरा, प्रदूषित पानी माइनर में न जाए और लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया रहे। यह निर्देश एसडीएम ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए दिए। एसडीएम ने शहर वासियों को भी आह्वान किया कि वह कागज, प्लास्टिक, रसोई में बचा हुआ भोजन, फल-फूलए बगीचे के गिरे हुए पत्ते, सब्जी के छिलके इत्यादि कचरा सड़क पर न डालें बल्कि जगह-जगह नगर परिषद द्वारा रखे डस्टबिनों में डालने का काम करें ताकि सफाई व्यवस्था बनी रहे। उसके बाद उन्होने कहा कि समाधान शिविर के दौरान शुक्रवार को 49 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसके बाद एसडीएम दून ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान निर्धारित समयावधि में किया जाए। समाधान शिविर में बीडीपीओ जितेंद्र चौहान, कृषि विभाग बलजीत लाठर, एसडीओ बिजली विभाग रामपाल दहिया, एसडीओ सिंचाई विभाग सुखदर्शन सिंह, जेई एमसी रविंद्र कुमार, जेई पब्लिक हेल्थ मनजीत सिंह, समाज कल्याण अधिकारी सन्तरो देवी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जुलाना के राजकीय कालेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय इंचार्ज विजेंद्र कुमार ने की। यह कार्यक्रम एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर डा. 'योति लडवाल और डॉ संजय व स्पोर्ट्स इंचार्ज डा. विश्वजीत सिंह की अगवाई में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। डा. 'योति लडवाल ने कहा कि योग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बना चुका है और अब सारे विश्व भर में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। जीवन को स्वस्थ व सुंदर बनाने के लिए योग एक अहम पहलू है। एक संतुलित जीवन जीने के लिए सभी को योग करना चाहिए। एक स्वस्थ व संतुलित जीवन जीने के लिए आज की व्यस्त दौड़ती भागती जिंदगी में योग इसका अहम पहलू होना चाहिए। तभी हम जीवन के सभी आनंद को लाभ उठा सकते हैं।



जुलाना। राजकीय कालेज में आयोजित कार्यक्त्रम में भाग लेते छात्र।


### टाबर उत्सव में बच्चे सीख रहे मूर्ति कला के गुर

**जींद।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टाबर उत्सव मनाया जा रहा है। जिला के विभिन्न सरकारी स्कूलों के लगभग 50 विद्यार्थी मूर्तिकला के हुनर से रूबरू हो रहे हैं। स्कूलों के 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी टाबर उत्सव के तहत किताबी ज्ञान के साथ साथ मूर्तिकला का हुनर सीखेंगे। हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम 30 जून तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चल रहा है। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक दीपक कौशिक ने बताया कि बच्चे अपने अंदर छिपी हुई कल को मूर्ति कला में ढल करके दिखा रहे हैं। बच्चों के अंदर की भावनाओं को समझ और रखने के लिए ही यह कार्य किया जा रहा है।

# थाम मेरे, मैं थारा किसी बिचौलिए की नहीं जरूरत मेरे पास आने के लिए : जयप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

हिसार लोकसभा से सांसद बनने के बाद पहली बार उचाना पहुंचे कांग्रेस सांसद जयप्रकाश का स्वागत कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। शहर की लाला प्रभुदयाल धर्मशाला में आयोजित बैठक के लिए तय किया गया सभागर भीड़ को देखते हुए छोट पड़ गया। सांसद जयप्रकाश ने कहा कि थाम मेरे हो, मैं थारा हूं किसी बिचौलिए की जरूरत कौणी मेरे पास आने के लिए। चुनाव में हर कार्यकर्ता ने अपने आप को जयप्रकाश मान कर चुनाव लड़ा। उचाना हलके से जो हवा चलती है वो पूरे लोकसभा को प्रभावित करती है। हिसार लोकसभा में हार-जीत काफी हद तक उचाना हलका तय करता है। यहां के लोगों ने रिकॉर्ड जीत देने का काम किया। जीत यहां से 50 हजार की होती लेकिन मतदान कम होने एवं जो भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए थे ऐसे काफी लोगों ने भाजपा की मदद की। मौके पर वीरेंद्र प्रधान, बलराम कटवाल, वीरेंद्र घोघड़िया, दिलबाग संडील, दिनेश डाहोला, आयुष खटकड़, विकास गुरूकुल खेड़ा, राजपाल पालवां, स्वामी आदित्यवेश, भूप खटकड़, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।



उचाना। लोगों का अभिवादन मीटिंग में स्वीकार करते सांसद जयप्रकाश।



उचाना। सांसद जयप्रकाश से मिलते उचाना ब्लॉक के विभिन्न गांवों के सरपंच।

### मांगों को लेकर सांसद जयप्रकाश से मिले सरपंच

**उचाना।** नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद जयप्रकाश से विभिन्न मांगों को लेकर उचाना ब्लॉक के सरपंच मिले। सरपंचों ने जयप्रकाश से पंचायतों को उनके अधिकार वापिस दिलाने के साथ-साथ जो टेंडर प्रक्रिया भाजपा सरकार लेकर आई है उसको समाप्त करने की मांग की। सरपंचों ने कहा कि सरपंचों की मांगों को अगर कांग्रेस पूरा करने का वायदा करती है तो लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में मदद सरपंच कांग्रेस की करने का काम करेंगे। लखविंद्र सुंदरपुरा, संदीप गुरूकुल खेड़ा, अशोक सरपंच काकड़ोद, सतीश कुचराना खुर्द, सतबीर उचाना खुर्द, धर्मबीर नचार खेड़ा, अनिल उदयपुर, राजेश दुर्जनपुर, सतबीर खटकड़, राजेश दरोली, अनूप सेढ़ा माजरा, राममेहर मंगलपुर, दीपू बड़नपुर, नसीब भौंसला, राममेहर सफा खेड़ी, लालू ब्लॉक समिति सदस्य मौजूद रहे।

# दूषित पानी का तालाब बन रहा परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गांव खटकड़ के बेगराज मोहल्ले में पशुओं के पीने के लिए जो पानी का तालाब है वो अब ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। तालाब का पानी गंदा होने से यहां पशु पानी नहीं पीते है। गंदे पानी के तालाब से आने वाली दुर्गंध से लोग परेशान है तो बारिश के मौसम में तालाब का पानी ओवर फ्लो होकर घरों में घूस जाता है। ग्रामीण कई बार सड़क के दूसरी तरफ पाइप लाइन बिछवा कर ट्रीटमेंट प्लाट की तरफ पानी की निकासी करने की मांग कर चुके है। यहां पर बड़ी पाइप लाइन बिछा कर ही इसका स्थाई समाधान हो सकता है। रमन, सुरेंद्र, मंदीप, सत्ता ने कहा कि बेगराज मोहल्ले में जो तालाब है वो पशुओं के पानी पीने के काम आता था। बीस साल से अधिक समय हो चुका है इस तालाब में गंदा पानी आने से यहां पशु पानी पीने नहीं आते है। ये पानी का तालाब लोगों के लिए परेशानी बनता जा रहा है। बारिश के मौसम में तालाब का पानी ओवर फ्लो होकर गली में भर जाता है जिससे आने-जाने में परेशानी होती है। घरों में भी ओवर फ्लो होकर पानी भर जाता है। कई सालों से सड़क के दूसरी तरफ तालाब से बड़ी पाइप लाइन बिछवा कर गंदे पानी की निकासी की मांग कर चुके है लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। सरपंच सतबीर ने बताया कि जो पाइप लाइन है पानी निकासी को लेकर उसे खुलवा दिया गया है।



उचाना। खटकड़ गांव में तालाब में गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि



उचाना। ठंडे पानी की छबील में ठंडा पानी पीते सांसद जयप्रकाश। फोटो :हरिभूमि

### पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं : जयप्रकाश

**उचाना।** रेलवे स्टेशन के पास लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला के पास लायंस क्लब उचाना द्वारा ठंडे पानी की छबील लगाई गई। छबील का आरंभ कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने किया। आने-जाने वालों वाहन चालकों, राहगीरों को रूकवा कर ठंड पानी पिलाया गया ताकि गर्मी से राहत मिले। जयप्रकाश ने कहा कि बुजुर्ग कहते है कि पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। इसलिए गर्मी के मौसम में जितना हो सकें छबील लगा कर राहगीरों, वाहन चालकों को ठंडा पानी पिलाना चाहिए। इस तरह के कार्य करना न केवल प्यास बुझाने का माध्यम है बल्कि यह मानवता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की छबील लगाना सराहनीय कार्य है। ये हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। इस मौके पर रिजनल चेयरमैन वीरेंद्र प्रधान, प्रधान रमेश गर्ग, उप प्रधान लाभ सिंह, सतपाल करसिंधु, संदीप, जोगिंद्र श्योकंद मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति टीम ने अलग-अलग स्थानों पर लोगों को किया जागरूक

# नशा तस्करों की गुप्त सूचनाएं पुलिस को दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ 12 से 26 जून तक चलाएं विशेष अभियान नशा मुक्त भारत के तहत नगूरां गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा अलेवा गांव की चौपाल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नशा मुक्ति टीम इंचार्ज नरेश कुमार ने की तथा मुख्य रूप से अलेवा थाना प्रभारी बनवारी लाल ने भाग लिया। लोगों को नशे के प्रति जागरूक करते नशा मुक्ति टीम इंचार्ज नरेश कुमार ने कहा कि डीजीपी के आदेशों की पालना करते हुए पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे, युवा नशे से दूर रहे। कुछ व्यक्ति जो स्वयं नशा करते हैं वे भी नहीं चाहते कि उनके बच्चे नशा करें। प्रत्येक माता-पिता का कर्तव्य बनता है कि वे अपने बच्चों के साथ मित्रता का व्यवहार करें। क्योंकि कई बार बच्चों को समय न देने के कारण वे कुसंगत में पड़ जाते हैं। थाना प्रभारी बनवारी लाल ने कहा कि हरियाणा में बनाई गईं नशा मुक्ति टीमों का एकमात्र उद्देश्य हरियाणा प्रान्त व देश को नशा मुक्त करना और नशा में लिप्त हुये लोगों को नशा छुड़ाकर समाज की मुख्य धारा में शामिल करना है। इसके लिए पुलिस नशे की तस्करी में संलिप्त अपराधियों को प्रतिदिन सलाखों के पीछे भेजने का कार्य कर रही है। इतना ही नहीं नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों का निशुल्क उपचार कराया जाता है। प्रत्येक जिले के सरकारी अस्पताल व कई निजी नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वे नशा तस्करों की गुप्त सूचनाएं पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप से गुप्त रहेगा । इस अवसर पर नगूरां चौंकी प्रभारी नफे सिंह, सिपाही सोनिया, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप, प्रताप, समाजसेवी सुदेश नगूरां, अलेवा सरपंच विनोद दुलग्च के अलावा अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।



नगूरां गांव के राजकीय कन्या वमावि में लोगों को संबोधित क रते टीम प्रभारी नरेश कुमार।



उचाना। रजबाहा रोड पर रिपेयर किया गया मेनहॉल। फोटो :हरिभूमि

### सड़क के बराबर करवाया मेनहॉल का लेबल

**उचाना।** शहर के रजबाहा रोड पर जो सीवरेज के मेनहॉल है जिनका लेबल सड़क से नीचा है उन सीवरेज के मेनहॉल को जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा रिपेयर करके ठीक करवाया गया। जन स्वास्थ्य विभाग के जेई पुनीत साहू ने कहा कि जो रजबाहा रोड पर सीवरेज के मेनहॉल थे जिनका लेबल सड़क से नीचा था उनको ठीक करवाने का काम किया है। सड़क के बराबर का लेबल उन सीवरेज के मेनहॉल का हो गया है। किसी तरह की लोगों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। हर समय प्रयास रहता है कि हर समस्या का समाधान जल्द हो। लोगों को चाहिए कि वो किसी भी तरह की समस्या हो उसको लेकर बताए।

**खबर संक्षेप**

### हरियाणा का नम्बर वन हलका बनेगा गुहला: सिंह

**गुहला-चीका।** गुहला हलका के विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से गुहला में विकास कार्य हो रहे हैं तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि गुहला हलका शीघ्र ही हरियाणे का नम्बर वन हलका बन जाएगा। ईश्वर सिंह आज यहां चीका स्थित अपने निवास पर पत्रकारों से रू ब रू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि हलके के हर गांव में बराबर व सम्पूर्ण विकास हो रहा है और एक भी गांव ऐसा नहीं है, जहां विकास कार्य ना चल रहे हों। उन्होंने विकास के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि गुहला हलका के गांव सीवन में लगभग 21 करोड़ से अधिक रुपए की लागत से सी.एच.सी. सेंटर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुहला में पी.डब्ल्यू.डी. विभाग का कार्यालय व अधिकारियों के क्वार्टर बनाए जाएंगे, जिस पर 6 करोड़ से अधिक रुपए खर्च आएंगे। विधायक ने बताया कि चीका शहर में 9 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत आएगी।



### 100 मेधावी छात्र मनाली भ्रमण के लिए रवाना

**कैथल।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित 6 दिवसीय मनाली भ्रमण को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर आज रवाना किया इस अवसर पर उपस्थित 100 बच्चों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए सरोज कुमारी ने कहा कि यह आपके लिए एक अच्छा अवसर है जिससे आप दूसरे राज्यों की संस्कृति जानने का अवसर मिलेगा इसलिए अनुशासित रहकर अच्छी-अच्छी जानकारी इकट्ठी करते रहें उन्होंने कहा कि मनाली में आप कैथल का प्रतिनिधित्व करेंगे इसलिए सभी बच्चे एक अच्छा उदाहरण पेश करके आए ताकि जिले का नाम रोशन हो उन्होंने बच्चों को अपने अध्यापकों की प्रत्येक बात ध्यान से सुनने के दिशा निर्देश दिए।

## 10वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस जिलेभर में बड़ी धूमधाम से मनाया

# तनाव मुक्त व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग रामबाण: सुरभि गर्ग

योग दिवस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि चेयरपर्सन नगर पालिका कैथल सुरभि गर्ग ने शिरकत की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस खंड सीवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। योग दिवस के कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि चेयरपर्सन नगर पालिका कैथल सुरभि गर्ग ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति प्रदान करता है।

इतना ही नहीं यह गंभीर बीमारियों से निजात दिलाने व इनके संक्रमण से कोसों दूर रखने में भी कारगार होता है। आधुनिक युग में तनाव को कम करने व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग रामबाण है। इस कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंदल, नायब तहसीलदार सीवन मीनू कौशिक, एस ई पी ओ जयपाल, प्रधानाचार्य सुदर्शन शर्मा, नोडल अधिकारी डा. प्रदीप शर्मा की देखरेख में हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. संदीप मेहता, सुखपाल सिंह, नेहा, पवन कुमार, हरि ओम, सतविंदर सिंह, सोहनलाल, सत्यवान सिंह व नीलम ने सहयोग किया।


सीवन। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि चेयरपर्सन नगर पालिका कैथल सुरभि गर्ग को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### योग भारत वर्ष की प्राचीन धरोहर : कैलाश भगत

**गुहला-चीका।** हैफड के चैयरमैन कैलाश भगत ने कहा कि नियमित योगाभ्यास करने से शरीर व दिमाग तंदरुस्त होता है तथा मन को शांति मिलती है। योग से शारीरिक, मानसिक, अध्यामित्क व सामाजिक विकास होता है। हम योग को अपनाकर एक संतुलित जीवन का निर्वहन कर सकते है। हैफड के चैयरमैन कैलाश भगत शुक्रवार को पुरानी अनाज मण्डी चीका में आयोजित खंड स्तरीय 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे और योग साधकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम कृष्ण कुमार ने चैयरमैन कैलाश भगत का पौधा देकर स्वागत किया। उसके बाद चैयरमैन ने मां धनवंतरी की प्रतिमा पर दीपप्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।


कैथल। जिला कारागार में योगा करते बंदी। फोटो : हरिभूमि

### रामचरण आर्य ने जेल के बंदियों को करवाया योगा

**कैथल।** आयुष विभाग व पतंजली योगपीठ ट्रस्ट कैथल के सौजन्य से और अधीक्षक जेल, कैथल की अगुवाई में जेल में 10 वां अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जेल में बन्द पुरूष बन्दियों को रामचरण आर्य, बदन सिंह आर्य व सन्दीप द्वारा योग अभ्यास करवाया गया तथा महिला बन्दियों को संजू द्वारा महिला वार्ड में योग अभ्यास करवाया गया और सभी बन्दियों को बताया कि योग हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। योग को शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य का अद्भुत विज्ञान माना जाता है इसलिए जेल में रहते समय बुरे समय को योग साधना में लगाकर अपने शरीर और मन को स्वस्थ व सुदृढ़ बनाओ। इसके अतिरिक्त अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जेल अधीक्षक अशोक कुमार ने बन्दियों को प्रतिदिन योग करने बारे बताया। इस मौके पर सुरेन्द्र कुमार उप-अधीक्षक जेल, नरेश कुमार सहायक अधीक्षक जेल, बलजीत सिंह उप-सहायक अधीक्षक जेल व जेल के कर्मचारी मौजूद रहे।


राजौंद। अनाज मंडी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बीइओ बलबीर कश्यप को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बीडीपीओ ने किया योग शिविर का शुभारंभ

**राजौंद।** शुक्रवार को राजौंद अनाज मंडी में आयुष विभाग की तरफ से दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। आयुष विभाग की टीम में डॉक्टर शिव कुमार के नेतृत्व में इसका आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कुमारी अनु टांक व वशिष्ठ अथिति खंड शिक्षा अधिकारी बलवीर कश्यप की मौजूदगी में आरंभ किया गया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग करवाएं गए। जिसमें ताड़ासन त्रिकोणासन हस्त पद आसन मंडूकासन चक्रासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। योग शिक्षक जितेंद्र ढुल व सुशील कुमार ने बहुत ही अच्छे तरीके से योग की बारीकियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉक्टर शिव कुमार ने कहा आज के युग में मनुष्य मानसिक रोग से ज्यादा पीड़ित है। इसलिए मनुष्य को योग आवश्य करना चाहिए ताकि मन मजबूत होने पर किसी भी प्रकार की व्याधि उत्पन्न न हो।


पूंडरी। डीएवी कालेज में योग दिवस पर योग करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### योग शांत दिमांग विकसित करता है : डा. विश्वजीत

**पूंडरी।** डीएवी कालेज पूंडरी की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस कॉलेज प्रागंण में मनाया गया। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी प्राचार्य डॉ विकास कुमार ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी योग दिवस के अवसर पर श्रीनगर में डल-लेख पर विशाल योग कार्यक्त्रम में शामिल होंगे। भारत के आह्वान पर विश्व के 180 देशों में योग कार्यक्त्रम का आयोजन किया जायेगा। वर्ष 2014 से लेकर आजतक योग कार्यक्त्रम एक अंतराष्ट्रीय योग दिवस के जरिये योग एक वैश्विक आंदोलन बन गया है। इस अवसर पर डॉ विश्वजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान के माध्यम से योग एक शांत दिमांग विकसित करता है, मन की एकाग्रता में सुधार लाता है और चिंता को कम करता है। इसलिए हमें योग को अपनी दिनचर्या में अपनाना चाहिए और विद्यार्थी जीवन में योग का महत्व समझना चाहिए। कार्यक्त्रम अधिकारी डॉ. वैभव दश्र शर्मा ने विद्यार्थियो से योग करवाया। इस अवसर कॉलेज के छात्र-छात्राएँ तथा टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टॉफ के सदस्य उपस्थित थे।


पूंडरी। योग शिविर में भाग लेते परिषद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### स्वस्थ रखने का राम बाण योग : बबीता

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर पुंडरी शाखा की तरफ से आज 3 दिवसीय योग शिविर का आज तीसरे दिन समापन हो गया। योग शिविर देवी माता मंदिर फतेहपुर पार्क में सुबह 6-7 बजे लगाया गया था। शाखा के सभी सदस्यों ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर योग गुरु टेक चंद सैनी ने बताया कि योग शब्द के दो अर्थ बताये गए हैं और दोनों ही अर्थ जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शाखा अध्यक्ष परवीन मित्तल ने सभी के साथ मिलकर योग संकल्प करवाया। महिला संयोजिका निधि मोहन ने योग शिक्षिका बबीता अहलूवालिया का एवं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद कहा। सभी सदस्यों ने आसनों को बहुत सुरुचि से किया। लगभग 35 लोग योग शिविर में भाग लिया। महिला शक्ति ने सभी के साथ मिलकर बबीता अहलूवालिया को स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया। कार्यक्त्रम के समापन पर सभी को नारियल पानी पिलाया गया।इस मौके पर संरक्षक विनोद बंसल,सचिव विकास कुमार,संगठन सचिव डॉ. राजेश कुकरेजा, अजीत सिंह रायका,डॉ. गुलशन डलवानी, प्रभात गोयल,डॉ. मनीषा मंगल,हर्ष सेठी, मुनीश गर्ग, निशा बंसल, ममता गर्ग, वंदना मित्तल, रविंदर पटपटिया आदि उपस्थित रहे।


कैथल। घर में एकत्र होकर योग करते नौनिहाल।। फोटो : हरिभूमि

### नौनिहालों ने टीवी देखकर किया योग

**कैथल।** योग के प्रति लोगों में कितना उत्साह है इस बात का अंदाजा यहीं से लगाया जा सकता है कि छोटे-छोटे बच्चे भी आज योग करते देखे गए। यहां सेक्टर 19 पार्ट 2 में गली के बच्चे एक घर में एकत्रित हुए और टीवी में देखकर योगा करने लगे। बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि उनके बच्चे टीवी पर देखकर हर रोज योग करते हैं। इस प्रकार नन्हें मुन्नों द्वारा किया जाने वाला योग बड़ों के लिए भी एक सबक, प्रेरणा और संदेश है कि हमें नित्य नियम से योग करना चाहिए क्योंकि योग शरीर को स्वस्थ और निरोग रखता है, योग करने वाले व्यक्ति को कभी भी डॉक्टर के पास नहीं जाना पड़ता।

### केंद्र सरकार ने धान की एमएसपी कम बढ़ाई : महावीर

**राजौंद।** गांव नीम वाला में भारतीय किसान मजदूर कमेरा वर्ग यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर चहल ने कहा कि केंद्र सरकार ने धान की एमएसपी में बढ़ोतरी की है जो बहुत ही कम है। उन्होंने कहा कि 117 रुपए की बढ़ोतरी पर किसानों को कोई फायदा नहीं मिलने वाला। किसान नेता ने कहा कि डीजल के दाम महंगे होने के कारण महंगाई लगातार बढ़ती ही जा रही है खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयों के रेट आसमान छु रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो कीटनाशक दवाई एक वर्ष पहले 400 रुपए की आती थी वहीं कीटनाशक दवा के रेटों में बढ़ोतरी के चलते 1200 रुपए के करीब पहुंच गए हैं। केंद्र सरकार की गलत नीतियों की वजह से किसानों की कमर टुट चुकी है। किसान नेता ने कहा कि मोदी सरकार कहती थी कि हम 2022 में किसानों की आय डबल कर देंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ।


राजौंद। गांव नीम वाला में किसान यूनियन के पदाधिकारी बैठक के दौरान।

### सरकार किसानों के खिलाफ बर्बरता से बाज नहीं आ रही

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने किसान भवन पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया। सुरजेवाला ने कहा कि दस साल की मोदी सरकार को देश के अन्नदाता किसानों ने हराकर बैसाखियों पर ला दिया, मगर बैसाखियों के सहारे की सरकार किसानों के खिलाफ बर्बरता से बाज नहीं आ रही। ना किसानों के समर्थन मूल्य का कानून बना रही है, ना किसानों को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार लागत का 50% अधिक मुनाफा दे रही है। सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की आमदनी तो दोगुना नहीं की, मगर आज भी उन्हें दर्द सौ गुना दिया जा रहा है। कड़वी सच्चाई यह है कि किसान की फसल टरढ पर खरीदी ही नहीं जाती। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की कैबिनेट द्वारा खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा का आईए सच जानते हैं। जहां 2021-22 में 10.79 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि दी गई थी, वहीं आज जो 17वीं किश्त किसान सम्मान निधि की दी गई है।

**न्यूज डायरी**

### देश की समृद्धि और विकास को मिलेगा बढ़ावा: शैली



**सीवन।** भाजपा की जिला उपाध्यक्षा शैली मुंजाल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से देश की समृद्धि और विकास को बढ़ावा मिलेगा। नरेन्द्र मोदी ने देश को सुरक्षित बनाया, समृद्ध बनाया, दुनिया में देश का मान बढ़ा। भाजपा सरकार ने मंदिरों का जीणारेंद्धार किया। कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाकर कश्मीर को देश की मुख्यधारा में शामिल किया और नक्सलवाद और आतंकवाद को खत्म कर देश को सुरक्षित बनाया। मोदी सरकार ने 80 करोड़ गरीबों को मुफफ्त अनाज देकर उनके जीवन में खुशहाली लाकर उनकी जीवनशैली को ऊपर उठाने का भी काम किया है। भाजपा नेता शैली मुंजाल शुक्रवार को सीवन में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। मुंजाल ने कहा कि मई 2014 में प्रधानमंत्री ने देश की कमान अपने हाथों में ली थी। उन्होंने कहा कि 10 वषारें के दौरान सेवा, सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल हुई हैं।


कैथल। योग कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित करते सूबे सिंह राविश।

### स्वस्थ शरीर ही दुनिया की सबसे बड़ी दौलत : सिंह

**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। योग से जहां शरीर स्वस्थ होता है, वहीं मन भी शांत रहता है। स्वस्थ शरीर ही दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है और स्वस्थ व्यक्ति ही देश व समाज का हित कर सकता है। हमें स्वयं योग करने के साथ-साथ बच्चों को भी योग के लिए प्रेरित करना चाहिए। नगराधीश गुरविंद्र सिंह लघु सचिवालय स्थित सभागार में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने सबसे पहले दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मौके पर मौजूद विभिन्न योग संस्थानों से जुड़े योग साधकों व योग सहायकों को कहा कि वे भी घर-घर योग की अलख जगाएं। सेमिनार के दौरान योग विशेषज्ञ एचएस हुड्डा ने प्राणायामों के महत्व के बारे में जानकारी दी। पतंजलि योग समिति से महिला राज्य प्रभारी अमर राविश ने योग के महत्व को बताया। पतंजलि जिला प्रभारी हरि ओम ने भी योग से संबंधित अहम जानकारी सांझा की। भारतीय योग संस्थान से सतपाल भारद्वाज ने सेमिनार में योग से तनाव प्रबंधन के बारे में बताया। आर्ट ऑफ लिविंग से दीपक सेठ ने योग को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# ड्रेनों-सीवरेजों की करवाई जाए सफाई : प्रशांत

- बरसात के दिनों में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं बने जल भराव की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि कुछ ही दिनों में मानसून सीजन शुरू होने वाला है। सभी अधिकारी अपने विभाग व क्षेत्र से संबंधित ड्रेनों, नालों व सीवरेज की सफाई 30 जून से पहले करवाना सुनिश्चित करें, ताकि बरसाती पानी की निकासी सही प्रकार से हो सके। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी प्रशांत पंवार लघु सचिवालय स्थित सभागार में बारिश के दृष्टिगत ड्रेनों, नालों व सीवरेज व्यवस्था के संदर्भ में समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी प्रशांत पंवार ने ग्योंग ड्रेन विषय पर गंभीरता से चर्चा की और सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को इसी ड्रेन के संदर्भ में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कालोनियों वाईज प्लान तैयार करें और पूरी जानकारी इक्ट्ठा करें। जहां पर एसटीपी लगाने की जरूरत हैं, उसकी रिपोर्ट तैयार करें और आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। उन्होंने प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों को नोटिस जारी करें, ताकि ड्रेनों में डाले जाने वाले कालोनियों व गांवों के गंदे पानी पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पानी की निकासी के लिए उचित कदम उठाएं। उन्होंने ग्योंग ड्रेन की ड्रोन के माध्यम से पूरी फोटोग्राफी करवाने के निर्देश भी जारी किए। डीसी प्रशांत पंवार ने सभी खंडों के बीडीपीओज को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित बरसात के दौरान प्रभावित होने वाले स्थानों को चिन्हित करें और उनकी रिपोर्ट तैयार कर उपायुक्त कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। इन गांवों के नालों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें, ताकि बरसात के मौसम में जल भराव की स्थिति पैदा नहीं हो। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विशेषकर जन स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद, नगर पालिकाएं व अन्य संबंधित विभाग पूरे तालमेल से विषय को गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। अधिकारियों ने अब तक किए गए कार्यों के बारे में डीसी को अवगत करवाया।

### इंडिया गठबंधन ने भाजपा को बैसाखियों पर खड़ा किया : डा. गुप्ता



**पूंडरी।** आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी रहे डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने भाजपा को बैसाखियों पर ला खड़ा कर दिया है। जिस दिन बैसाखियां हटी सरकार गई। डा. सुशील गुप्ता फतेहपुर के माता मनसा देवी मंदिर हाल में आयोजित हलका स्तरीय कार्यकताअरं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिसकी अध्यक्षता पूर्व सिंचाई मंत्री नरेंद्र शर्मा ने की। बैठक में सबसे पहले डा. सुशील गुप्ता ने लोकसभा चुनाव में दिन रात मेहनत करने वाले पार्टी कार्यकताअरं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी हार में भी जीत है। भाजपा द्वारा टेलीविजनों के माध्यम से ऐसा हवा बनाई हुई थी, 400 पार है। जिसके परिणाम स्वरूप में मामूली अंतर से रह गए। उसके बावजूद देश की जनता ने भाजपा के नारे 400 पार की हवा निकाल दी और भाजपा को दूसरे के सहारे पर ला खड़ा किया।

### शिविर के दौरान नशा न करने बारे किया जागरूक



**गुहला-चीका।** एसपी उपासना के निदेर्शानुसार नशामुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम को गति देते हुए शुक्रवार को कन्यादान महादान टीम, पीर बाबा चेतन शाह कमेटी गुहला, युवा शक्ति दल व नेकी की दीवार चेरीटेबल ट्रस्ट पीड़ल गुहला चीका द्वारा कम्यूनिटी हाल गुहला में नशा मुक्ती, रक्तदान व मैडीकल कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी गुहला ने वहां पर एकत्रित हुए लोगों से कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति को समाज में हेय की दृष्टि से देखा जाता है, ऐसा व्यक्ति अपने परिवार के लिए भी बोझ स्वरूप हो जाता है और उसकी समाज एवं देश को उपादेयता शुन्य हो जाती है। नशे के साथ वह व्यक्ति अपराध की ओर अग्रसर होने लगता है तथा शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस के नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से जनता तक पहुंचना और मादक द्रव्यों के सेवन के मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है।

## डीसी प्रशांत पंवार ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया

# तीन टॉपर्स बेटियों को अवार्ड देकर किया सम्मानित

- ग्रामीणों को भा रही लाडली
- जिले के गांव बरसाना को लिंगानुपात सुधारने पर जिला का सर्वश्रेष्ठ गांव चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिले के गांव बरसाना को लिंगानुपात सुधारने पर जिला का सर्वश्रेष्ठ गांव चुना गया है। वर्ष 2022 में इस गांव में 33 लड़कों के मुकाबले 48 लड़कियों ने जन्म लिया था। यानी एक हजार लड़कों की दर के मुकाबले 1455 बेटियां जन्मीं हैं। गांव बरसाना की 10वीं में टॉपर 3 बेटियों को शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से डीसी प्रशांत पंवार ने सम्मानित किया। यह अवार्ड पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत राज्य सरकार की बेस्ट विलेज अवार्ड स्कीम के तहत दिया गया है।


कैथल। डीसी प्रशांत पंवार अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

डीसी प्रशांत पंवार ने गांव बरसाना की छात्रा मनीषा पुत्री शीषम सिंह को कक्षा 10वीं में प्रथम आने पर 75 हजार रुपये का चैक दिया। पलक पुत्री राजेंद्र को दूसरे स्थान पर आने पर 45 हजार रुपये तथा सानिया पुत्री करण सिंह को तृतीय स्थान हासिल करने पर 30 हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि गांव बरसाना में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव में नियुक्त किए गए स्टाफ को अच्छा प्रदर्शन करने पर उनको भी डीसी प्रशांत पंवार ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम को बढ़ावा देने के प्रयासों में लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा बेस्ट विलेज अवार्ड योजना चलाई गई थी। जिला के गांवों की जनवरी से दिसंबर तक के लिंगानुपात की जानकारी जुटाई जाती है। योजना के तहत लिंगानुपात में अव्वल रहने वाले गांव की उन छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जो 10वीं में टॉपर रहीं। उनमें से मेरिट में प्रथम बेटी को 75 हजार, सेकंड को 45 हजार व तृतीय स्थान पर रही छात्रा को 30 हजार रुपये दिए जाते हैं।


#### ये रहे मौजूद

डीसी प्रशांत पंवार ने डॉ. मालती, शिव, मोहन लाल, सुमन रानी, शशी बाला, मुकेश रानी, मीना देवी, दर्शना देवी, सुरेशो देवी, रीटा, कमलेश, शुषमा देवी, अनिता देवी, मीना देवी, प्रोमिला, शकुंतला, सुनीता को लिंगानुपात में सुधार के लिए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

### कालेज में पंजीकरण प्रक्रिया अंतिम चरण में

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। उच्च शिक्षा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है। पिछले साल के रुझान बताते हैं कि उच्च शिक्षा विभाग हर साल अंतिम तिथि को 5 से 10 दिन तक बढ़ाता है। हालांकि उच्च शिक्षा विभाग की ओर से अभी तक तिथि बढ़ाए जाने की कोई सूचना नहीं है। इस संबंध में एक और बात है कि इस बार पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के संबंध में कोई तकनीकी समस्या नहीं थी, इसलिए रजिस्ट्रेशन तिथि बढ़ाए जाने की संभावना बहुत कम है। साथ ही इस बार कॉलेज के पोर्टल पर कुल रजिस्ट्रेशन पिछले साल की तुलना में काफी बेहतर हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ आज से होगा



**गुहला-चीका।** श्री भवानी मंदिर चीका कमेटी आदर्श नाटक क्लब द्वारा बड़े ही विशाल महोत्सव श्री मद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा हैं।जिसको लेकर के लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।संस्था के प्रवक्ता कुलदीप माजरा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री मद् भागवत कथा का आयोजन 22 जून से 30 जून तक किया जाएगा। आज सांय 5:15 बजे में नगर में भव्य क्लश शोभा यात्रा भवानी मंदिर से शुरू होकर के पेहवा रोड से हंस नगर दादा खेड़ा से होकर चीका गांव में नगर खेड़ा, सिनेमा रोड से होते हुए डॉ हँसराज वाली गली मुख्य चोंक से होकर के भवानी मंदिर श्री मद् भागवत कथा स्थल पर पहुँचेगी।भव्य कलस शोभा यात्रा को व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व राईस मिल एसोसिएशन उपप्रधान विजय कुमार उर्फ मिंकू सिंगला सपरिवार हरि झड़ी दिखाकर रवाना करेंगे।

## खबर संक्षेप

### युवा मंडल हैबतपुर ने मनाया योग दिवस

**जींद ।** नेहरू युवा केंद्र जींद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन एकलव्य स्टेडियम में आयोजित किया गया। इसमें युवा मंडल हैबतपुर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र संगठन जींद के अधिकारी हरप्रीत और सतपाल सिंह ने खिलाड़ियों को योग का द्रमहत्व बताया।

### डीपीएस में को स्वीमिंग नर्सरी अलॉट

**जींद।** डीपीएस में खेल विभाग द्वारा स्वीमिंग नर्सरी अलाट की गई है। इसके लिए आठ वर्ष से 19 वर्ष तक के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। 24 जून को खिलाड़ियों की ट्रायल ली जाएगी। जो भी खिलाड़ी इसमें भाग लेगा, उसे अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आने होंगे। स्कूल प्राचार्या गीता ठाकुर ने बताया कि कोच सुनील खिलाड़ियों को नर्सरी में प्रशिक्षित करेंगे।

### रोजगार मेले का आयोजन 24 को

**नरवाना।** कस्बे के लघु सचिवालय स्थित सहायक रोजगार कार्यालय के परिसर में आगामी 24 जून को रोजगार मेले आयोजित किया जाएगा। सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि सरहिंद ट्रेनिंग सेंटर पंजाब के द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्य उम्मीदवारों का मौके पर ही चयन किया जाएगा।



### जनता महाविद्यालय कौल में किया योगभ्यास

**कैथल ।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल, कैथल के प्रांगण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता एवं पारसमणि, डॉ. सोनिया रानी व डॉ. अमित कुमार टाया के कुशल मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को यौगिक क्रियाएं कराई गई। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।



### एसडी महाविद्यालय में मना योग दिवस

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के प्रांगण में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ नयनदीप के कुशल निर्देशन में महाविद्यालय में उपस्थित छात्राओं, शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों यूनिट व एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में सभागार में उपस्थित को योग करवाया।

## बचपन से ही योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए : एडीसी

# योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा : डा. मिड्ढा

### जिले भर में उत्साह से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

### चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित योगा भवन में हुआ जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित योगा भवन में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए तथा एडीसी एवं योग दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. हरीश वशिष्ठ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. रणपाल सिंह और रजिस्ट्रार डा. लवलीन सिंह भी योग दिवस कार्यक्रम में शामिल रही।

इस दौरान श्रीनगर की डल झील के पास से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का और हिसार में आयोजित प्रदेश स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह का लाइव संदेश सुनाया गया। जिलाभर के अन्य सभी खंडों में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय से योग विभाग के सहायक प्रो. विरेंद्र सिंह और विश्वविद्यालय की ही छात्रा विशाखा और दीप्ति ने योग साधकों को प्राणायाम और योगासन करवाए।



**जींद।** सीआरएसयू में म्यूजिकल योगा करते हुए बच्चे।

### योग भारतीय प्राचीन संस्कृति की पहचान : विधायक

विधायक डा. मिड्ढा ने आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरी के चित्र के समक्ष दीप प्र'जवलित कर जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय प्राचीन संस्कृति की पहचान है, जिसकी खोज हमारे षि, मुनियों ने हजारों साल पहले अपनी तपस्या से की थी। योग स्वस्थ रहने का आधार है। नियमित रूप से योगासन व प्राणायाम कर हम अनेक प्रकार की बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। एक समय ऐसा भी था जब योग हमारी दिनचर्या का हिस्सा था लेकिन बीच में कुछ समय ऐसा आया कि हमने योग को भुला दिया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग की महत्ता के बारे में विश्वपटल पर रखा और विश्व के करीब 170 देशों ने योग की महत्ता को स्वीकार किया।

### स्वस्थ, निरोगी एवं शांत रहने के लिए जीवन में अपनाए योग : लीला राम

**कैथल।** विधायक लीला राम ने कहा कि 21 जून का दिन भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। योग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक मिशन शुरू किया था, जिसके फलस्वरूप दुनिया में योग को अंतर्राष्ट्रीय पर नई पहचान मिली और आज 200 से भी अधिक देशों में योग दिवस मनाया जाता है। योग को जीवन में अपनाने से जहां शरीर स्वस्थ एवं निरोगी रहता है, वहीं योग ने लोगों के लिए रोजगार के अवसर पर भी पैदा किए हैं। विधायक लीला राम शुक्रवार को अतिरिक्त अनाज मंडी परिसर में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग साधकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। गांव-गांव में योगशालाएं एवं व्यायामशालाएं खोली गई हैं। योग शिक्षकों एवं योग सहायकों की भर्ती करके जन-जन में योग की अलख जगाई जा रही है।



### यह बोले एडीसी

एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि बचपन से ही योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इसके लिए विशेषतौर पर बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने की जरूरत होती है। नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करने के साथ-साथ अपने खानपान पर भी ध्यान देना होगा। असंतुलित भोजन और दिनचर्या सही न होने के कारण इंसान अनेक प्रकार की जानलेवा बीमारियों की चपेट में आ रहा है। उन्होंने कि कोरोनाकाल के दौरान लोगों को योगासन और आयुष की महता का पता चला है। उन्होंने योग नियमों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



**जींद।** योग करते हुए अतिथिगण व नागरिक।

### अनाज मंडी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**सफीदों ।** नगर की नई अनाज मंडी में शुक्रवार अंतराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम मनीष फोगाट ने की। वहीं मुख्यातिथि के रूप में नगरपालिका चेयरपर्सन अनीता अधलखा ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्र''वलन करके किया गया। इस मौके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यक्रमों का लाईव प्रसारण दिखाया गया। पंतजलि योग पीठ से पूजा रानी, सुदेश व सतीश कुमार ने लोगों को योगाभ्यास करवाया। इस मौके पर पूर्व विधायक जसबीर देशवाल, नायब तहसीलदार राजेश गर्ग, कृषि विभाग के एसडीओ सुशील कुमार, बीडीपीओ नरेश कुमार, आयुष विभाग के डा. संदीप कुमार व डा. मोनिका विशेष रूप से मौजूद थे। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। मनुष्य जीवन की आकुलता, कलुषता, पीड़ा, चिन्ता, तनाव आदि को खत्म कर सम्पूर्ण स्वास्थ्य की प्राप्ति योग का मुख्य उद्धेश्य है। योग का उद्धेश्य व्यक्ति में विवेक, जागरूकता, आत्म-नियमन और उच्च चेतना पैदा करना है।

### योग भारत में जन्मों-जन्मों से चला आ रहा : कर्मवीर सैनी

**जींद ।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय नवदीप स्टेडियम में किया गया। उपमंडल स्तरीय योग कार्यक्रम मे कॉन्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती चित्र के सम्मुख दीप प्र'जवलित कर किया गया। योग दिवस पर आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कॉन्फेड के चैयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि योग भारत में जन्मों-जन्मों से चला आ रहा है। 21 जून 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत में पहली बार योग दिवस मनाने का फैसला लिया गया और इस ऐतिहासिक फैसले का प्रस्ताव 21 दिसंबर को प्रधानमंत्री द्वारा यूएनए में भी रखा गया। उसके बाद वर्तमान में दुनिया के करीब 175 देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। योग दिवस की ख्याति पूरी दुनिया में बढ़ी है। सैनी ने कहा कि योग से सामाजिक, आध्यात्मिक, आत्मिक और मानसिक सभी प्रकार की मनुष्य को मजबूती मिलती है और अच्छे स्वास्थ्य भी प्राप्त होता है।






**जींद।** योग दिवस की महत्ता को लेकर जागरूकता रैली निकालते हुए हिंदू कन्या महाविद्यालय की छात्राएं।

### हिंदू कन्या महाविद्यालय में किया अभ्यास

**जींद ।** हिंदू कन्या महाविद्यालय प्रांगण में एनएसएस यूनिट एवं योग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा की गई एवं संचालन एनएसएस यूनिट प्रभारी डा. अंशु तथा योग क्लब संयोजिका मीना द्वारा किया गया। कॉलेज छात्राओं को योग की महत्ता बताते हुए योग प्रशिक्षका मीना बंसल तथा कॉलेज की भूतपूर्व छात्रा कोमल द्वारा कॉलेज प्राचार्या एवं वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं की उपस्थिति में छात्राओं को विभिन्न प्रकार के प्राणायाम एवं आसन करवाए गए। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः साढ़े छह बजे कॉलेज प्रांगण में की गई। योग प्रशिक्षिका मीना बंसल द्वारा सर्व प्रथम विभिन्न प्रकार की ध्यान मुद्राओं के बारे में विवेचना की गई। उसके पश्चात सूक्ष्म व्यायाम तथा सात प्रकार के प्राणायाम तथा आसन करवाए गए। कोमल के द्वारा सूर्य नमस्कार, वज्रासन एवं ताड़ासन जैसे आसन करवाए गए। दोनों योग प्रशिक्षकों ने कॉलेज छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को योग महत्ता तथा अलग-अलग प्रकार के योग एवं प्राणायाम के बारे में बताते हुए कहा कि योग शरीर की हर कोशिका को स्वस्थ और बेहतर बनाने की दिशा में काम करता है। जिससे हमारा शरीर अपने आप ही अधिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वाला बन जाता है। इस तरह हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

### जिला कारागार में मनाया योग दिवस

**जींद।** जिला कारागार में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महात्मा गांधी प्राकृतिक चिकित्सा समिति एंव हरियाणा योग आयोग द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जेल स्टाफ एंव बन्दियों द्वारा भाग लिया गया। डा. मिनाक्षी हुड्डा, ट्रेनर गुरमीत एवं सिमरन द्वारा महिला एवं पुरुष बंदियों एवं जेल स्टाफ को उनके स्वास्थ्य पर योगिक अभ्यासों के सार के बारे में जानकारियां दी गई तथा अनेक प्रकार के योगासन, प्रणायाम एंव मेडिटेशन करवाया गया। जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने जेल में बंद बंदियों एवं जेल स्टाफ को योग करवाने आए डा. मिनाक्षी हुड्डा ने बताया कि योग, दैनिक जीवन में प्रत्येक व्यक्ति के लिए लाभप्रद होते हैं तथा बीमारियों से दूर रखते हैं।



### अष्टांग योग भारतीय ऋषियों की देन : बलबीर सिंह

**जींद ।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय योगाभ्यास का शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के साथ समापन किया गया। शिक्षक अभिभावक समिति की उपाध्यक्षा प्रीति जैन व प्राचार्य बलबीर सहित पूरे विद्यालय परिवार द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनेकानेक प्राणायाम व योगासन किए गए। योग कार्यक्रम में बिजेंद्र शास्त्री द्वारा योग प्रशिक्षक के रूप में नेतृत्व किया गया। प्राचार्य बलबीर ने अपने संदेश में योग को जीवन का मूलाधार बतलाते हुए कहा कि अष्टांग योग हमारे षियों की ही देन है। इंद्रजीत द्वारा कार्यक्रम में आए अभिभावक व अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, सचिव पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जानकारी दी।



## योग हमारी प्राचीन परंपरा की एक अमूल्य उपहार : अमरपाल राणा



**जींद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते हुए।

**उचाना।** फायर ब्रिगेड के पास अतिरिक्त मंडी के शैड के नीचे आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि के तौर पर चेयरमैन लैंड मोर्गेज बैंक अमरपाल राणा पहुंचे। अध्यक्षता एसडीएम गुलजार मलिक ने की। मंच संचालन मा. रामप्रसाद द्वारा किया गया। योग करवाने के साथ-साथ योग के फायदों के बारे में योगाचार्य कुलदीप श्योकंद ने विस्तार से बताया। नियमित रूप से योग करने का संकल्प दिलवाया। बाबा प्रेमनाथ खेल अकेदमी, बाबा जीतगर खेल अकेदमी, शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना एवं भौंगरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने भी योग में हिस्सा लिया।

# साधकों के साथ किया योगाभ्यास

- योग से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति भी प्राप्त होती है : राजकुमार गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय योग संस्थान श्री बनखंड महादेव जिला ईकाई द्वारा 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह रोहतक रोड पर गुरु तेग बहादुर धर्मशाला में धूमधाम से मनाया गया।

इस समारोह में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय योग संस्थान के प्रदेश सहप्रवक्ता धर्मबीर दलाल द्वारा की गई। मुख्यअतिथि राजकुमार गोयल ने कहा कि योग से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। गोयल ने कहा कि आज से करीब 57 साल पहले 10 अप्रैल 1967 को परम श्रद्धेय स्व. प्रकाश लाल ने भारतीय योग संस्थान की स्थापना की थी।

आज यह भारतीय योग संस्थान पूरे देश में एक वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। जिसकी टहनियां विभिन्न देशों तक पहुंच चुकी हैं। समारोह में करीबन 200 साधक व साधिकाओं ने भाग लिया।



**जींद।** समारोह में साधकों के साथि उपस्थित मुख्यअतिथि राजकुमार गोयल व अन्य।

# स्वस्थ रहने के लिए योग करें

- पीएचसी नगूरां में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पीएचसी नगूरां में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस अवसर पर पीएचसी के अधीन सभी सेंटरों के कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। योग का महत्व बताते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि योग एक प्राचीन शारीरिक, मानसिक और अध्यामिक अभ्यास है। जिसमें योग शब्द का अर्थ है, जुड़ना या एकजुट होना जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। योग हम सब की सेहत के लिए बेहद फ ायदेमंद है। योग करने से मन को शांति मिलती है। जिससे तनाव में राहत मिलती है और बेहतर नींद आती है। भूख और पाचन क्रिया बढती है। दिमाग हमेशा शांत रहता है और वजन पर काबू पाया जा सकता है। योगा अभ्यास से हृद्य रोग, मधुमेह रोग के अलावा अस्थमा जैसी बीमारियां कोसों दूर रहती है। यही वजह है कि लोग इसे लगातार अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। इसे करने से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक तौर पर भी बहुत सारे फ ायदे पहुंचते हैं।



**जींद।** नगूरां पीएचसी में योगा करते स्वास्थ्य कर्मचारी।



**जींद।** अलेवा अनाज मंडी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लेते विभिन्न विभागों के कर्मचारी व विद्यार्थी।

### अलेवा अनाज मंडी में किया योग

**अलेवा।** अलेवा अनाज मंडी में शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े 6 बजे खंड स्तर पर दसवां अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह से मनाया गया। इसकी अध्यक्षता खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अक्षयदीप चौहान ने की तथा मुख्य तौर पर जींद नगरपरिषद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने हिस्सा लिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में विभिन्न गांवों के राजकीय स्कूलों के पीटीआइ, डीपी तथा विद्यार्थियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस में अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस कर्मचारियों, विद्यार्थियों, पीटीआइ व डीपीइ द्वारा आलोम, विलोम समेत कई प्रकार के योग किए गए।

### केवी बुडायन में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**उचाना ।** केंद्रीय विद्यालय बुडायन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्सव मनाया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय स्वयं और समाज के लिए योग है। जिसका मुख्य उद्धेश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाना है। सर्वप्रथम योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि एवं योग शिक्षक वजीर सिंह,जय किशन का स्वागत किया गया। जय किशन द्वारा योग के महत्व और फायदे के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को फिट रहने और एकाग्रता में सुधार के लिए नियमित रूप से योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात विभिन्न योग और आसनों का भी प्रदर्शन किया गया। वजीर सिंह द्वारा विभिन्न प्रकार के प्राणायाम भी करवाए गए ।



हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## समाधान शिविर में समस्या लेकर पहुंचा था

# बुजुर्ग ने अधिकारी पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के लघु सचिवालय में शुक्रवार को लगाए गए समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंचे एक 85 वर्षीय बुजुर्ग ने अधिकारी पर उसके साथ अभद्र व्यवहार करने तथा उसकी बेइज्जती करने का आरोप लगाया है। यही नहीं अधिकारी ने उसे मजदूरी करने की सलाह भी दे डाली। इस व्यवहार के कारण बुजुर्ग का भीतर भर आया तथा वहीं पर रो पड़ा। बता दें कि शहर का 85 वर्षीय जगमोहन शर्मा अपने बेटे के साथ अपनी वार्षिक आय कम करवाने की फरियाद लेकर आया। जहां उसने परिवार पहचान पत्र के जिला प्रबंधक सोमपाल को अपनी आय कम करने का निवेदन किया तभी अधिकारी ने कहा कि आपके बेटे काम करने योग्य हैं। फिर ये मजदूरी क्यों नहीं करते? बुजुर्ग ने उसे बोला कि वह अपने बेटों से अलग रहता है और उसकी वार्षिक आय भी बहुत कम है। इसलिए उसका पीला राशन कार्ड बनाया जाए, लेकिन अधिकारी ने उसकी एक नहीं सुनी। अधिकारी ने कहा कि वह इन्हें 20 दिन के लिए 400 रुपये की मजदूरी पर लगवा देगा। फिर कहा कि उसके पास आय कम करने का कोई व्यवस्था नहीं है। इसके बाद बुजुर्ग ने शिविर की अध्यक्षता कर रहे डीसी प्रशांत कुमार को अपनी शिकायत दी। बुजुर्ग ने कहा कि वह पिछले पांच दिनों से सरकारी कार्यालय में धक्के खा रहा है। अधिक उम्र होने के कारण उसे बार बार कार्यालय में नहीं आया जाता। इसलिए उसके परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय काम करके उसका गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाया जाए। तभी डीसी ने उसे दस्तावेज लेकर उसको दोबारा से उसी अधिकारी के पास भेजा।



**कैथल।** बुजुर्ग जगमोहन शर्मा अपने बेटे के साथ दस्तावेज दिखाते हुए

### नहीं हो रही सुनवाई

पत्रकारों से बातचीत में बुजुर्ग ने बताया कि वह अपने परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय काम करवाना चाहता है इसके लिए वह पिछले पांच दिनों से अधिकारियों के कार्यालय में धक्के का रहा है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। वह शुक्रवार को अपनी समस्या लेकर समाधान शिविर में आया था जहां पर उसको 20 दिन के लिए 400 रुपये की मजदूरी करने के लिए कहा। बुजुर्ग सतपाल ने कहा कि समाधान शिविर में उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### समस्या को दूर करेंगे

मामले में अधिकारी सोमपाल ने कहा कि बुजुर्ग अपनी समस्या लेकर डीसी प्रशांत पंवार के पास गए थे। अब उनके परिवार पहचान पत्र की जांच को लेकर प्रक्रिया शुरू की गई है। 25 या 26 जून तक बुजुर्ग की आय से सबंधित समस्या को दूर कर दिया जाएगा। उनके द्वारा कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया है।